# सीएम ने किया काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर का दौरा

## सुशासन और धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में साझा संस्कृति विकसित कर रहे हैं एमपी-यूपी : मोहन

### सीएम ने मां गंगा के दर्शन भी किए

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 31 मार्च. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की एक नई इबारत लिखी जा रही है. मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की सरकारें विरासत के साथ विकास के मंत्र को आत्मसात करते हुए सुशासन और धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में साझा संस्कृति विकसित कर रही हैं.**

यह न केवल दोनों राज्यों के संबंधों को प्रगाढ़ करेगा, बल्कि जन-कल्याण के नए मार्ग भी प्रशस्त करेगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात वाराणसी में विश्व प्रसिद्ध श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर के भ्रमण के दौरान कही. डॉ. यादव ने अपने वाराणसी भ्रमण की शुरूआत देवादिदेव महादेव श्री काशी विश्वनाथ जी के दर्शन और पूजन के साथ किया. उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में विधि-विधान से पूजन कर मप्र की जनता की खुशहाली और निरंतर प्रगति की मंगलकामना की. उन्होंने पावन गंगा घाट पहुंचकर पतित पावनी माँ गंगा के दर्शन किए. उन्होंने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मां गंगा का पूजन किया और गंगाजल से आचमन किया. दर्शन और पूजन के बाद उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ के धाम में आकर जो आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है, वह अद्भुत है.



**मोहन यादव ने दोनों राज्यों के बीच एमओयू के बारे में बताया**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को वाराणसी भ्रमण के दौरान विश्व प्रसिद्ध श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर का भ्रमण किया. उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ और बाबा महाकाल के धामों के बीच व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण और सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू किया जा रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर परिसर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वाराणसी के अनुभवों को मध्यप्रदेश के उज्जैन में होने वाले आगामी सिंहस्थ-2028 के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया. उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के न्यासियों के साथ बैठक की. बैठक में प्रेजेंटेशन से कॉरिडोर में तीर्थयात्री प्रबंधन, क्राउड कंट्रोल (भीड़ प्रबंधन), दर्शन व्यवस्था और मोबाइल ऐप आधारित टोकन सिस्टम का बारीकी से अवलोकन किया. उन्होंने कहा कि प्रयागराज कुंभ और काशी कॉरिडोर के प्रबंधन से सीख लेकर हम उज्जैन में श्रद्धालुओं के लिए दूरगामी योजनाएं तैयार कर रहे हैं. श्रद्धालुओं को दर्शन की उच्चतम और सुगम व्यवस्था देना हमारा लक्ष्य है.

# शेयर के नाम पर रिटायर्ड अफसर से 17 .37 लाख ठगे

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 31 मार्च. शेयर बाजार और आईपीओ में मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठगों ने रिटायर्ड बैंक अधिकारी को अपना शिकार बना लिया. गूगल विज्ञापन के जरिए संपर्क में आए आरोपियों ने पहले दो हफ्ते तक मुनाफा दिखाकर भरोसा जीता और फिर निवेश के नाम पर 17.37 लाख रुपए ठग लिए. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.**

पारसी मोहल्ला में रहने वाले 71 वर्षीय पूनमचंद महाजन इस ठगी के शिकार हुए हैं, वे एक निजी बैंक से रिटायर हैं. संयोगितागंज थाना प्रभारी केपी यादव ने बताया कि सोमवार 2 मार्च के आसपास फरियादी ने गूगल पर 5 पैसा केपिटल नाम का विज्ञापन देखा, जिसके बाद संबंधित ऐप डाउनलोड कर ली. ऐप डाउनलोड करते ही अलग अलग नंबरों से कॉल आने लगे. कॉल करने वालों ने खुद को शेयर मार्केट एक्सपर्ट बताते हुए निवेश कराने की बात कही. शुरुआत में 2 और 3 मार्च को 10 - 10 हजार रुपए डलवाए और करीब दो हफ्ते तक मुनाफा दिखाकर भरोसा जीत लिया. विश्वास बनने के बाद आरोपियों ने शेयर के नाम पर 2 लाख रुपए और आईपीओ में निवेश के नाम पर करीब 12 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए. जब पूनमचंद ने बेटे के इलाज के लिए रकम निकालने की बात कही तो आरोपियों ने पहले 10 प्रतिशत और फिर 30 प्रतिशत मार्जिन मनी के नाम पर और पैसे मांगे. इस पर उन्होंने करीब 4.60 लाख रुपए और भेज दिए. इतनी बड़ी रकम लेने के बाद भी आरोपियों ने न तो पैसा लौटाया और न ही संपर्क में रहे.

## पुलिस में 679 बैंड आरक्षक पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

विशेष संवाददाता

**भोपाल.** मध्यप्रदेश पुलिस ने वर्ष 2026 के लिए बैंड आरक्षक (कांस्टेबल) के 679 पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह भर्ती प्रक्रिया केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जा रही है। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार 5 अप्रैल से 19 अप्रैल 2026 तक एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए अधिकृत पोर्टल पर उपलब्ध निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य होगा।

भर्ती से संबंधित पात्रता, चयन प्रक्रिया एवं अन्य दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी मध्यप्रदेश पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को आवेदन से पहले सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ने की सलाह दी गई है।

# भोपाल मंडल से होकर गुजरने वालीं 02 जोड़ी ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा

**भोपाल, 31 मार्च. पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली 02 जोड़ी विशेष ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए अस्थायी रूप से अतिरिक्त कोच लगाए जाने का निर्णय लिया गया है. इसका उद्देश्य यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान करना और प्रतीक्षा सूची को कम करना है.**

पहली ट्रेन, गाड़ी संख्या 04715/04716 बीकानेर-साई नगर शिरडी स्पेशल, में 04 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026 तक बीकानेर से साई नगर शिरडी जाने वाली गाड़ी 04715 में और 05 अप्रैल 2026 से 26 अप्रैल 2026 तक वापसी गाड़ी 04716 में एक-एक स्लीपर और थर्ड एसी कोच अतिरिक्त रूप से जोड़े जाएंगे.

दूसरी ट्रेन, गाड़ी संख्या 04717/04718 हिसार-तिरुपति स्पेशल, में 04 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026 तक हिसार से तिरुपति जाने वाली गाड़ी 04717 और 06 अप्रैल 2026 से 27 अप्रैल 2026 तक तिरुपति से हिसार लौटने वाली गाड़ी 04718 में एक थर्ड एसी कोच अतिरिक्त रूप से जोड़ा जाएगा.

रेल प्रशासन ने यह सुविधा यात्रियों की सुविधा और यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उपलब्ध कराई है. यात्रियों से अनुरोध है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपनी यात्रा की योजना बनाते समय अतिरिक्त कोच की सुविधा का ध्यान रखें.

**संतरागाछी-अजमेर स्पेशल में 13 ट्रिप का विस्तार**

पश्चिम मध्य रेलवे ने भोपाल मंडल होकर संचालित संतरागाछी-अजमेर-संतरागाछी साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में 13 ट्रिप का विस्तार करने का निर्णय लिया है. यह कदम ग्रीष्मावकाश के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग और सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है. विस्तार का विवरण इस प्रकार है: गाड़ी संख्या 08611 (संतरागाछी-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल) संतरागाछी से 06 अप्रैल 2026 से 29 जून 2026 तक कुल 13 ट्रिप चलेगी. वहीं, गाड़ी संख्या 08612 (अजमेर-संतरागाछी साप्ताहिक स्पेशल) अजमेर से 09 अप्रैल 2026 से 02 जुलाई 2026 तक कुल 13 ट्रिप संचालित होंगी. रेल प्रशासन ने यह सुविधा यात्रियों को ग्रीष्मकाल में सुगम और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दी है.

## वेतन नहीं मिलने से एरिया मैनेजर ने की आत्महत्या

**धार, 31 मार्च.** धार जिले में वेतन नहीं मिलने और कथित प्रताड़ना से परेशान एक निजी कंपनी के एरिया मैनेजर द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर कंपनी मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार कुक्षी तहसील के ग्राम डेहरी निवासी 27 वर्षीय रजत भोपे ने 17 मार्च की मध्यरात्रि को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. वह खाद-बीज कंपनी में एरिया मैनेजर के पद पर कार्यरत था. परिजनों का आरोप है कि कंपनी मालिक द्वारा उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और कई महीनों से वेतन भी नहीं दिया जा रहा था. जांच के दौरान सामने आया कि आत्महत्या से कुछ मिनट पहले रजत ने अपनी बहन और एक दोस्त को व्हाट्सएप पर संदेश भेजा था.

# मध्यप्रदेश में मौसम का यू-टर्न तेज गर्मी के बीच बारिश

**भोपाल, 31 मार्च. मध्यप्रदेश में मार्च के अंतिम दिनों में मौसम ने अचानक करवट ले ली है. तेज गर्मी के बाद अब प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश, ओले और आंधी का दौर शुरू हो गया है.**

मौसम विभाग ने मंगलवार को ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट में तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है. इन जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने और बिजली गिरने की संभावना है.

मौसम बिगड़ने के पीछे दो सक्रिय सिस्टम हैं. ट्रफ लाइन और



साइक्लोनिक सर्कुलेशन के साथ अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी ने हालात को अस्थिर बना दिया है.

इसी वजह से प्रदेश में एक साथ गर्मी, बारिश और ओले जैसी स्थिति देखी जा रही है. सोमवार को उज्जैन, नीमच, मंदसौर, बैतूल, धार और सीहोर में ओले गिरे, जबकि भोपाल समेत कई जिलों में तेज हवाओं और बारिश का असर देखा गया. हालांकि, गर्मी का असर अभी भी बना हुआ है.

नर्मदापुरम और खजुराहो में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जबकि जबलपुर, मंडला, रतलाम, उमरिया, खंडवा और सतना में पारा लगभग 39 डिग्री पर रहा. राज्य में 2 अप्रैल से एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होगा,

## एक वर्ष से फरार इनामी वारंटी गिरफ्तार, पहुंचा जेल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 31 मार्च। एक साल से फरार ईनामी वारंटी को पुलिस ने निवास चौकी पुलिस ने दबोचते हुये गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।**

निवास चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धारा 8/20 (बी) एनडीपीएस के तहत 15 जनवरी 2025 को कायम किया जाकर विवेचना में लिया जाकर कायमी दिनांक से आरोपीगणों मिठाईलाल साहू एवं एक अन्य का निरंतर पता तलाश की जा रही थी, जिस पर आरोपी मिठाईलाल साहू पिता स्व. बबन साहू उम्र 41 वर्ष निवासी नौढ़िया थाना कुसमी जिला सीधी को चौकी निवास पुलिस टीम एवं साइवर सेल की मदद से वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आरोपी



मिठाईलाल साहू को ग्राम पुरैल चौकी बरका से गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी निवास उनि सूरज सिंह, सउनि त्रिवेणी पाल, मार्तण्ड सिंह, प्रआर अमरजीत पाल, आर मंगलेश्वर प्रताप सिंह, सतेन्द्र पाण्डेय, प्रभात कुमार दुबे चौकी निवास एवं साइबर सेल बैढ़न से आर प्रशांत केशरी का सराहनीय योगदान रहा।

## मोरवा में पार्क और मंदिरों तक पहुंचा पुलिस का पैदल मार्च

### सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 31 मार्च। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से आज दिन मंगलवार को मोरवा पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर पैदल मार्च कर स्थिति का जायजा लिया। नवागत निरीक्षक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम पार्कों और मंदिरों तक पहुंची और लोगों से संवाद किया।**

पैदल मार्च के दौरान पुलिस टीम बीईएमएल पार्क, लायंस क्लब के समीप स्थित सामुदायिक भवन और एलआईजी चौक सहित अन्य स्थानों से गुजरी। पार्कों में मौजूद लोगों, विशेषकर युवाओं से पूछताछ की गई, वहीं महिलाओं



से उनकी सुरक्षा को लेकर बातचीत कर फीडबैक लिया गया। निरीक्षक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने पार्कों में तैनात माली और रखवालों से भी चर्चा की और उन्हें संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए। साथ ही सख्त हिदायत दी कि पार्क परिसर में शराबियों का प्रवेश किसी भी स्थिति में न होने दिया जाए। पुलिस टीम मंदिरों में भी पहुंची और वहां पूजा-अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। हाल के दिनों में क्षेत्र में चेन स्नैचिंग की घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षक ने बताया कि आमजन की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार गश्त व निगरानी जारी रहेगी।

## महिला के हत्यारों का नही लगा सुराग, जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 मार्च, रीवा बिछिया थाने के लोही गांव में बदमाशों ने गला काटकर ने महिला की हत्या कर दी थी. इसके बाद आरोपियों ने महिला का सिर ले जाकर गेहूं के खेत में फेंक दिया था.**

महिला का सिर कटा शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी, घटना के करीब दो घंटे बाद पुलिस ने घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर सर बरामद कर लिया था. जिसके बाद अब पुलिस आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है. लोही गांव में रहने वाली लीलावती पटेल 50 वर्ष के पति पति रामाश्रय की मौत हो चुकी है और बेटा बाहर मजदूरी करता है. महिला घर में अकेले रहकर मजदूरी करके जीवन यापन करती थी. रविवार शाम महिला को देखा गया था. रात में घर के अंदर सो रही महिला की अज्ञात आरोपियों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी और उसका सिर धड़ से अलग कर दिया. उसके बाद महिला के शव को घर के पीछे स्थित खेत की झाड़ियों में फेंककर आरोपी महिला का सिर घटनास्थल से करीब 30 मीटर दूर गेहूं के खेत में फेक दिया था. पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया. वहीं आरोपियों की तलाश में पुलिस संदेहियों को चिह्नित कर रही है.

**नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना**

मै सुदेश कुमार सिंह पिता स्व .इन्द्रदेव सिंह उम्र 56 वर्ष निवासी मकान नं.419, गली नं.01 बैंक कालोनी सतना तहसील रघुराजनगर जिला सतना म.प्र. का होकर बहलफ सूचित कर रहा हूं कि मैने मेरी पुत्री के नाम एलआईसी की एक पालिसी ले रखी है जिसका पालिसी नं.876842341 है जिसमें उसका नाम तनु सिंह व जन्मतिथि 26.1.2009 दर्ज हो गई है. जबकि मेरी पुत्री के आधार कार्ड 301744218710, अंकसूची व अन्य दस्तावेजों श्रुति सिंह व जन्मतथि 26.1.2010 दर्ज है. ये दोनों नाम तनु सिंह व श्रुति सिंह एक ही व्यक्ति के हैं अलग-अलग नहीं तथा इसकी सही जन्मतिथि 26.1.2010 है.

**न्यायालय, आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, श्रम न्यायालय सतना म0प्र0**

प्रकरण कमांक 8/26 डब्लू सी वि0

बेवा आशा वर्मा

- बनाम-

मेसर्स राहुल कां.

**सूचना-पत्र**

उपरोक्त प्रकरण में आपको / सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सत्यम वर्मा की अनावेदक संस्थान में काम करते हुए दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी और अनावेदक द्वारा क्षतिपूर्ति धन रु.400,227/- मृतक के आश्रितों में वितरण के लिए जमा कराया है।

उपरोक्त प्रकरण में क्षतिपूर्ति धन के वितरण हेतु सुनवाई दिनांक 29.04.2026 को नियत की गई है।

अतः जो व्यक्ति/आप कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम की धारा 2 डी के अंतर्गत मृतक के आश्रित हों तो वह सुनवाई दिनांक 29.04.2026 को ठीक 11.00 बजे उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र एवं साक्ष्य नियमानुसार प्रस्तुत करें।

मृतक के आश्रित होने के प्रमाण हेतु स्थानीय मजिस्ट्रेट कलेक्टर या किसी शासकीय विज्ञप्ति अधिकारी द्वारा स्वयं का चित्र सत्यापित करवाकर पहचान हेतु प्रस्तुत करें।

यदि हो तो मृतक के नाबालिग बच्चों को भी साथ ले आवे। साथ ही मृतक के आश्रित का स्थानीय पंचायत या नगर पालिका का प्रमाण पत्र एवं दो गवाह भी ले आवे।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 31.03.2026 को जारी किया गया।

अदालत की मुद्रा

**अभिषेक कुमार त्रिपाठी**
**आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधि0**
**श्रम न्यायालय सतना म0प्र0**

**Presiding Officer: महेंद्र पाल सिंह**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1906 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)

(MJC/0000060/2025)

उर्मिला सिंह............ वादी Vs
भगवत सिंह .................. प्रतिवादी

Process Id-2026

पेशी दिनांक:- 04/05/2026

प्रेषिती- (1) एस्सार पॉवर एमपी लिमिटेड पता एडमिन ब्लाक एस्सार पावर एम.पी. लिमिटेड द मेड कर्सुआलाल बंधौरा जिला सिंगरौली म.प्र.

यह कि प्रार्थी उर्मिला सिंह ने आपके विरुद्ध क्षतिपूर्ती दावा अन्तर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 13 March 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी संमस

**महेन्द्र सिंह**
**द्वितीय जिला न्यायाधीश**
देवसर, जिला सिंगरौली (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# कर्तव्यों का निष्ठा और दूरदर्शिता से पालन करें

## नरेंद्र सिंह तोमर ने युवा विधायक सम्मेलन के समापन सत्र में कहा



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 31 मार्च. विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार हो सकता है, जब हमारे युवा विधायक अपने कर्तव्यों का निष्ठा और दूरदर्शिता के साथ पालन करें. इस तथ्य को रेखांकित करते हुए राष्ट्रकुल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन-6 के समापन सत्र में युवा विधायकों ने पांच संकल्प लिए.**

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने युवा विधायकों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत 2047 का विजन केवल सरकार का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प है. इस संकल्प को पूरा करने के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है. मप्र विधानसभा में आयोजित मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन के समापन सत्र में ये संकल्प लिए गए।.सम्मेलन में लोकतंत्र में नागरिकों की भागीदारी एवं विकसित भारत 2047 में विधायकों की भूमिका पर विचार व्यक्त किये गये.

**आने वाली सदी भारत की होगी : हरिवंश सिंह**

समापन सत्र में उप सभापति राज्यसभा हरिवंश सिंह ने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेज गति से उभरती अर्थव्यवस्था है. भारत चुनौतियों से निपट कर नया इतिहास बना रहा है और आने वाली सदी भारत की होगी. इसके लिए सकारात्मक और दूरदर्शी सोच के साथ कार्य करना आवश्यक है.

**युवा विधायकों के पांच संकल्प**

**संकल्प-1** : हम, युवा विधायक सम्मेलन में यह दृढ संकल्प लेते है कि लोकतंत्र की सशक्तता का मूल आधार नागरिकों की सक्रिय भागीदारी है. अत: एक मजबूत और समावेशी लोकतंत्र के निर्माण में हम युवा विधायक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे.

**संकल्प - 2** : हम, युवा विधायक समाज की नई ऊर्जा, नवाचार और परिवर्तन की सोच का प्रतिनिधित्व करते हुये नागरिकों और शासन के बीच सेतु का कार्य करेंगे, हम जनसरोकारों को समझकर आम जनता की समस्याओं को विधानसभा तक पहुंचायेंगे तथा पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी नीतियों के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभायेंगे ताकि लोकतांत्रिक संस्थायें जनता के प्रति उत्तरदायी हो सके.

**संकल्प- 3** : हम, नागरिकों को जागरूक और सशक्त बनाने हेतु सतत, सार्थक प्रयास करेंगे ताकि वे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लें. तकनीक और नवाचार का उपयोग कर शासन को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दीर्घकालिक नीतियां बनाने एवं युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों की आवाज़ को सशक्त बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभायेंगे जिससे जनता और उनकी विधायिकाओं के बीच प्रभावी संपर्क स्थापित हो सके तथा सार्थक सहभागी शासन सुनिश्चित किया जा सके.

**संकल्प- 4** : हम युवा विधायक, राजनीतिक दबाव, संसाधनों की कमी, सामाजिक असमानताएं और बदलती वैश्विक परिस्थितियों का सामना करते हुये ईमानदारी, प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता के साथ कार्य करने के लिये दृढ संकल्पित रहेंगे, ताकि हमारे राष्ट्र की लोकतांत्रिक परम्परायें और मूल्य और अधिक गहरे तथा सशक्त बन सके।

**संकल्प- 5** : हम यह भी संकल्प लेते हैं कि हम स्वयं भी एक जागरूक नागरिक बनेंगे, विधायिकाओं में होने वाली बहसों और चर्चाओं में जनप्रतिनिधियों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु शोध एवं अनुसंधान सहायता को सुदृढ करेंगे.

## सोन नदी से अवैध रेत परिवहन में लगा मिनी ट्रक जब्त

**सीधी 31 मार्च,** अवैध रेत उत्खनन पर सीधी पुलिस का निरंतर प्रहार हो रहा है। इसी तारतम्य में पुलिस की दबिश होते ही चालक वाहन छोड़कर भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने सोन नदी से अवैध रेत परिवहन कर्ता मिनी ट्रक टाटा 407 को जब्त कर लिया। पुलिस ने वन्य जीव संरक्षण एवं वन अधिनियम की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में सीधी पुलिस द्वारा अवैध रेत उत्खनन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जमोड़ी पुलिस ने सोन नदी से अवैध रेत का उत्खनन कर परिवहन कर रहे एक टाटा 407 वाहन को जब्त करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस के अनुसार आज दिनांक 31 मार्च 2026 को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भेलकी स्थित सोन नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी जमोड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

**नाम परिवर्तन सूचना**

हम घोषणा करते है कि हम माता एवं पिता ARCHANA AGRAWAL W/O BANTU AGRAWAL निवासी 1St FLOOR, BANTU GAURI, MAIN MARKET, RAGHURAJ NAGAR जिला SATNA (M.P) मे हम वा मेरे नावलिक पुत्र DEVANSH GOYENKA निवास करते है। मेरे नावलिक पुत्र DEVANSH GOYENKA के पुराने पासपोर्ट मे नाम DEWANSH GOYENKA लिखा है इस नाम को सुधार कर के (बदल कर) नया नाम DEVANSH GOYENKA कर लिये है। अब नये नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय।

**कार्यालय नगर परिषद गनगवां जिला रीवा (म.प्र.)**

No.NIT/Mangawan/2026/356 Date 25/03/2026

**सेक्सन-1 ई -निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर परिषद मनगवां द्वारा नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है. इच्छुक निविदादाकारो द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी वेवसाइट www.mptenders.gov.in पर Urban Administration Develpment Department से एवं कार्यालय नगर परिषद मनगवां से प्राप्त की जा सकती है. निविदा में किसी प्रकार का संशोधन वेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा. जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| एनआईटी | टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रु.में) | धरोहर राशि (रु.में) | निविदा फार्म का मूल्य | निविदा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 356 25.3.26 | 2026_UAD_495841_1 | वार्ड क्र. 08 में जावेद हाऊस के घर से सूर्यपाल - बसल के घर तक आरसीसी नाली का निर्माण कार्य. | 294469.00 | 2945.00 | 2000.00 | चतुर्थ निविदा |
| --,,-- | 2026_UAD_495841_2 | वार्ड क्र 08 में गोविन्द मिश्र के घर से शैलेन्द्र सोनी के घर तक आरसीसी नाली का निर्माण कार्य. | 852455.00 | 8525.00 | 2000.00 | द्वितीय निविदा |
| --,,-- | 2026_UAD_495841_3 | निकाय के विभिन्न वार्डो में मुक्तिधाम में बाऊण्ड्रीवॉल का निर्माण का कार्य | 208263100 | 15619.00 | 5000.00 | द्वितीय निविदा |
| --,,-- | 2026_UAD_495841_4 | वार्ड क्र 05 में महावीर गुप्ता के घर से गुलफाम के घर तक आरसीसी नाली का निर्माण कार्य. | 226305.00 | 2263.00 | 2000.00 | द्वितीय निविदा |
| --,,-- | 2026_UAD_495841_5 | वार्ड क्र. 08 में छोटा साकेत के घर से रामाधार साकेत के घर तक आरसीसी नाला निर्माण का कार्य. | 1035705.00 | 7768.00 | 2000.00 | द्वितीय निविदा |
| --,,-- | 2026_UAD_495841_6 | वार्ड क्र. 1 में रामेश्वर शर्मा के घर लक्ष्मण यादव के घर तक आरसीसी नाली का निर्माण. | 288443.00 | 2884.00 | 2000.00 | द्वितीय निविदा |
| --,,-- | 2026_UAD_495841_7 | वार्ड क्र. 11 पथरियन टोला में ईजीएस स्कूल की बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य. | 870777.00 | 8707.00 | 2000.00 | द्वितीय निविदा |

उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 31.03.2026 सबह 10.30 से दिनांक 15.04.2026 समय 5.30 तक वेबसाईट पर लागू प्रोसेशिंग शुल्क के ऑन लाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकेगें।

**प्रशासक**
**नगर परिषद मनगवां, जिला रीवा (म.प्र.)**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद मनगवां, जिला रीवा (म.प्र.)**